सिलाई में दक्षता हासिल कर बनें स्वावलंबी : रिद्धिम

सिलाई शिविर का शुभारंभ करतीं पीएसी सेनानायक रिद्धिम अग्रवाल।

लालपुर : पीएसी 31 वाहिनी की सेनानायक रिद्धिम अग्रवाल ने कहा सिलाई में दक्षता हासिल कर महिलाएं इसे आजीविका का माध्यम बना सकती हैं। उन्होंने महेंद्रा एंड महेंद्रा की इस पहल का स्वागत करते हुए समाजिक जिम्मेदारियों का निर्वाहन करने के लिए कारपोरेट जगत से बढ़-चढ़कर कार्य करने का आह्वान किया। ग्राम महाराजपुर में महेंद्रा एंड महेंद्रा द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित सिलाई प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सेनानायक अग्रवाल ने कहा महिलाओं को अपने स्वावलंबी बनाने के लिए ऐसे कार्यों को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। महेंद्रा की यह मुहिम उद्योग जगत के लिए प्रेरणा का सबक बनेगी। शिविर में मन्नू चराया व शगुन छाबड़ा द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस दौरान प्लांट हेड एसके दुबे, ग्राम प्रधान रामनाथ, अनिल प्रताप सिंह, अशोक सिंह, डीसी त्रिवेदी, अजीत सिंह, नरेंद्र ठुकराल, रवि ठुकराल, मदन ठुकराल, संतलाल छाबड़ा, कृष्ण लाल ठुकराल, नितिन चिलाना, अनीता ठुकराल, वर्षा ठुकराल, श्वेता बाठला, सुनीता ठुकराल, मेधा ठुकराल, ओमप्रकाश चावला, नीरू कुमार आदि मौजूद थे।